पत्रांक_1320 /जी0पी0शाखा
अपराध अनुसंधान विभाग,बिहार, पटना।

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक (सी0)
अपराध अनुसंधान विभाग,
बिहार, पटना।

सेवामें,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–30.05.2022

विषय :– अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–01/22/उपस्कर शाखा (निविदा) के प्रकाश के संबंध में।

––––––000––––––

महाशय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/22 उपस्कर शाखा (निविदा) की प्रतियॉ भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य के अंदर के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय। साथ ही पी0आर0डी0 वेबसाईट तथा बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट पर भी प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथो0।

विश्वासभाजन

पुलिस अधीक्षक (सी0),
अपराध अनुसंधानविभाग,
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः–

1. पुलिस उपाधीक्षक (र0का0), अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
2. रक्षित पदाधिकारी, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
3. आई0टी0 प्रबंधक, बिंहार पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा पुलिस विभाग के वेबसाईट Police.bihar.gov.in पर भी प्रकाशित किये जाय।

पुलिस अधीक्षक (सी0),
अपराध अनुसंधान विभाग,
बिहार, पटना।

30/5/22

बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन बेली रोड,पटना–23

निविदा सूचना संख्या–01/2022–23/जी०पी० (निविदा)

1. विभाग का नाम :– • अपराध अनुसंधान विभाग एवं कमजोर वर्ग प्रभाग, बिहार, पटना।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– • पुलिस अधीक्षक (सी०), अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना सरदार पटेल भवन, BLOCK-A, कमरा न०–124 बेली रोड, पटना।
3. निविदा प्रकाशन की तिथिः– • निविदा प्रकाशित होने की तिथि– 30.05.2022
4. निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय • दिनांक–13.06.2022 समय 16:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थानः– • पुलिस अधीक्षक (सी०) का गोपनीय कार्यालय, अपराध अनुसंधान बिहार, पटना, सरदार पटेल भवन BLOCK-A, कमरा न०–124
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय • दिनांक–15.06.2022 के 16:00 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान :– • पुलिस अधीक्षक (सी०) का गोपनीय कार्यालय, अपराध अनुसंधान बिहार, पटना, सरदार पटेल भवन BLOCK-A, कमरा न०–124
8. मद का नाम :– • वित्तीय वर्ष–2022–23 में अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना सरदार पटेल भवन में उपस्कर/रक्षित शाखा के माध्यम से विभिन्न कार्यालयों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के दैनिक इस्तेमाल वाले सामग्रियों के दर अनुमोदन के पश्चात् आवश्यकतानुसार समय–समय पर क्रय।

   नोट–विभिन्न कार्यालयों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के दैनिक इस्तेमाल वाले सामग्रियों की सूची सरदार पटेल भवन, बेली रोड, BLOCK-B, वी0आई0पी0 पार्किंग,स्थित उपस्कर/रक्षित शाखा से निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्यदिवस के दिन प्राप्त किया जा सकता है।

• निविदा के शर्त

निविदा के साथ निम्नांकित को संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

1. बिहार राज्य में निविदाकर्त्ता फर्म का GST निबंधन।
2. निविदाकर्त्ता फर्म का PAN की छायाप्रति।
3. अद्यतन आयकर रिर्टन की छायाप्रति।
4. उपरोक्त शर्तों के अधीन प्राप्त होने वाले निविदाओं के आधार पर निविदित न्यूनतम मूल्य वाले निविदाकर्त्ता की निविदा को सफल निविदाकर्त्ता माना जाएगा। सफल निविदाकर्त्ताओं को उक्त सूची में अंकित सामानों के मूल्य का प्राक्कलन पुलिस अधीक्षक (सी०) के नाम से मोहरबंद लिफाफा में भरकर गोपनीय कार्यालय, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना, सरदार पटेल भवन BLOCK-A, कमरा न०–124 में जमा करना होगा। दर अनुमोदन के पश्चात उक्त सूची में अंकित सामानों के क्रय की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकेगी।
5. आपूर्तिकर्त्ता इच्छूक फर्म के निविदाकर्त्ता के द्वारा Rs-50000/–(पचास हजार)रूपया अर्नेस्टमनी बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से Drawing & Disbursement officer, C.I.D,Bihar(निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार,पटना) के नाम से जमा करना सुनिश्चित् करेंगे।
6. इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता फर्म के द्वारा शपथ–पत्र जमा किया जायेगा कि मुझे काली सूची में नहीं रखा गया है।
7. किसी भी कार्यालय दिवस एव कार्यालय अवधि में कार्यालय में उक्त सूची में अंकित सामानों की सूची प्राप्त की जा सकती है।
8. इस विज्ञापन को पुलिस विभाग के वेवसाइट bihar police.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।
9. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताए रद्द घोषित किया जा सकता है।
10. निविदाकर्त्ता द्वारा उक्त सूची के अनुसार उपलब्ध कराए जाने वाले सामान अच्छी कम्पनी एवं गुणवत्ता की हो।
11. चयनित एजेन्सी को एकरारनामा/करार समर्पित करना होगा कि निविदा में अंकित समयावधि तक समानों की आपूर्ति करेंगा

पुलिस अधीक्षक (सी०),
अपराध अनुसंधानविभाग,
बिहार पटना।